प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

प्रश्नकाल

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज विपक्ष ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान हंगामा किया। विपक्ष ने सदन में कांगड़ा जिले के देहरा विधानसभा क्षेत्र में जुलाई 2024 में हुए उपचुनाव में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा आदर्श आचार संहिता के दौरान कई महिला मंडलों को 50–50 हजार रुपए हस्तांतरित करने के मुद्दे पर हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे और सदन से बाहर चले जाने के बाद उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह पहले से तय था कि विपक्ष को सदन से बाहर जाना ही था, क्योंकि उनके पास सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने विपक्ष के इस रवैये को 'सदन की परंपराओं के खिलाफ' बताया और कहा कि अगर भाजपा के पास कोई ठोस प्रमाण हैं, तो वे सरकार के समक्ष प्रस्तुत करें। इस संबंध में भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने सवाल पूछा था, जिस पर सरकार की ओर से जवाब नहीं आने पर विपक्ष ने पहले सदन में हंगामा किया और फिर पूरा विपक्ष सदन से उठकर बाहर चला गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विपक्ष के इस कदम को गैर जरूरी करार दिया और कहा कि उन्होंने पहले ही इस मुद्दे पर व्यवस्था दे दी थी। इसलिए विपक्ष का हंगामा या सदन से बाहर जाना नियमों के विपरीत है।

....

जयराम

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन से वॉकआउट के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री की पत्नी की सदस्यता रद्द होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे लेकर देहरा से भाजपा उम्मीदवार चुनाव आयोग या कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

....

सिकंदर कुमार

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया है कि सरकार ने नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए अनेक पहलें शुरू की हैं। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा संसद में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होनें ये जानकारी दी। पंकज चौधरी ने बताया कि आरआईडीएफ के तहत वित्तीय

वर्ष 2023–24 और 2024–25 के दौरान राज्य में अब तक एक हज़ार 9 सौ 31 करोड़ 54 लाख रूपये की ऋण राशि वाली 2 सौ 92 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

....

होली

रंगो का त्यौहार होली प्रदेश में कल मनाया जाएगा लेकिन मंडी शहर में होली आज मनाई जा रही है। ये परंपरा रियासत काल से चली आ रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता.............

....

कुल्लू होली

उधर कुल्लू में भी होली का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यू तो कुल्लू मे होली की शुरूआत बसंत पंचमी के दिन से ही हो जाती है और उस दिन से लगातार 40 दिनो तक हर रोज शाम के समय भगवान रघुनाथजी पर गुलाल चढ़ाया जाता है। दोपहर बाद लोग भगवान रघुनाथ के मन्दिर में जाकर उन पर गुलाल चढ़ाते है व इसी के साथ यहाँ की होली सम्पूर्ण होती है। कुल्लू में होली, होलिका दहन से पहले मनायी जाती है और होलिका दहन को यहाँ फाग के नाम से जाना जता है। फाग की रस्म पूरी होने के बाद कोई भी रंगों से नहीं खेलता है।

....